# DN College, Gulaothi
# Scholarship 2026-27 NOTICE

## IMPORTANT DATES

| | |
|---|---|
| **छात्रों द्वारा आवेदन पत्र का नवीनीकरण** (renewal) **करना और हार्ड कॉपी कॉलेज में जमा करने की अंतिम तिथि** | 15 October 2026 |
| **नवीन** (Fresh) **छात्रों द्वारा** registration/ **ऑनलाइन आवेदन/ फाइनल लॉक करना और कॉलेज में हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम अंतिम तिथि** | **31** October 2026 |

### नवीन (FRESH) आवेदन करने वाले छात्र कृपया ध्यान दें

**आय प्रमाण पत्र जारी होने के दिनांक से तीन वर्ष तक ही मान्य रहता है। यदि छात्र द्वारा स्कालर्शिप के ऑनलाइन आवेदन में तीन वर्ष से अधिक पुराना आय प्रमाण पत्र का विवरण दर्ज किया जाता है तो उसे कॉलेज द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे छात्र आवेदन करने से पहले नया आय प्रमाण पत्र अवश्य बनवा लें।**

### स्कॉलरशिप आवेदन की हार्ड कॉपी/प्रिन्टआउट के साथ अटैच होने वाले डॉक्युमेंट्स की लिस्ट

1. **आवेदक की माता/पिता/अभिभावक के आय प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी [ नवीन (Fresh) आवेदन करने वाले छात्र ध्यान रखें कि प्रमाण पत्र आवेदन के final lock के दिन से 3 वर्ष से अधिक पुराना न हो ]**
2. **आवेदक के जाति प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी**
3. **सामान्य निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी**
4. **आधार कार्ड की फोटोकॉपी**
5. **यदि दो कक्षाओं के बीच गैप हो तो उसका स्वप्रमाणित शपथपत्र।**
6. **आवेदक के बैंक खाते के पासबुक की फोटोकॉपी जिसपर खाता संख्या एवं आईएफएस कोड अंकित है।**
7. **हाईस्कूल के मार्कशीट की फोटोकॉपी (यह बैंक खाता छात्र के अपने आधार नंबर से और व्यक्तिगत मोबाईल नंबर से लिंक होना चाहिए)**
8. **पिछले वर्ष की परीक्षा PASS करने की मार्कशीट (यदि यूनिवर्सिटी परीक्षा की मार्कशीट लगा रहे हैं तो गत वर्षों की सभी सिमेस्टर की मार्कशीट लगाएँ)**
9. **कॉलेज में ऐडमिशन के समय भरी गई फीस की स्लिप की फोटोकॉपी ।** ***यदि स्टूडेंट दूसरे/तीसरे वर्ष में पढ़ रहा है तो वर्तमान वर्ष के साथ पहले वर्ष की फीस स्लिप भी साथ लगान अनिवार्य है।***

### स्कालर्शिप फॉर्म को कॉलेज में जमा करने कीई प्रक्रिया

**ऑनलाइन आवेदन को FINAL LOCK/ SUBMIT करने के बाद आवेदन के प्रिन्ट आउट और संलग्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियों को कॉलेज ऑफिस में उपस्थित होकर और जमा करे। जमा करने के दौरान आपका BIOMETRIC भी होगा। यह अनिवार्य है । जमा न करने और** BIOMETRIC **न करवाने की दशा में कॉलेज द्वारा आवेदन फॉर्म वेरफाइ नहीं किया जाएगा । जिसके लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा। अन्तिम तिथि के बाद आने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन के सत्यापन एवं कॉलेज द्वारा आगे भेजे जाने की प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि छात्र की ओर से दी गई जानकारी में कोई गलती, तथ्य छिपाने या तथ्यों की गलत जानकारी देने की बात सामने आती है, तो कॉलेज द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। अतः सभी छात्र आवेदन को** FINAL LOCK/SUBMIT **करने तथा संबंधित दस्तावेज जमा करने से पहले अपनी पूरी जानकारी और सभी दस्तावेजों की अच्छी तरह जाँच कर लें और सावधानीपूर्वक आवेदन जमा करें।**

**Scholarship Nodal Officer**
**DN College Gulaothi**